Publication	Mahanagar Times	Date	6-8-2017	Page No.	15
Client Name	Kamdhenu	Edition	Jaipur		

कामधेनु लिमिटेड का नेक्स्ट सरिया लॉन्च

महानगर संवाददाता

जयपुर। कामधेनु लिमिटेड ने राजस्थान में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' लॉन्च किया है। कामधेनु लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल तथा कंपनी के वरिष्ठ जनरल मैनेजर मार्केटिंग दिलीप मेहरा ने इस नए उत्पाद को पेश किया। मैसर्स अमर प्रताप स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स लक्ष्मण वीर स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स प्रेम जैन इस्पात उद्योग प्रा लिमिटेड (उपयोगकर्ता लाइसेंस अनुबंधन के अंतर्गत कामधेनु ब्रांड टीएमटी की अधिकृत विनिर्माण इकाइयों) के

निदेशकों के साथ राजस्थान के 300 से ज्यादा डीलर इस मौके पर मौजूद थे। 'कामधेनु नेक्स्ट' एक अत्याधुनिक उत्पाद है जो 2.5 गुना मजबूत कांक्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है। कामधेनु लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल ने कहा, ग्राहकों को तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद उपलब्ध करना हमारा ध्येय रहता है।